तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 9 मई 2025

11 मानव कल्याण और परोपकार पर आधारित है यूथ रेडक्रॉस



12 एयरफोर्स स्टेशन से सायरन बजते ही हरकत में आए कर्मी



## खबर संक्षेप

### बचाव विषय पर हुई प्रतियोगिता आयोजित

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस कमेटी के अंतर्गत मानवता की सेवा मानव जाति का बचाव विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस दौरान प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानवता की सेवा ही असली धर्म है । जब हम स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों के लिए कार्य करते हैं, तभी हम सच्चे अर्थों में इंसान बनते हैं। सेवा भाव से घृणा के स्थान पर प्रेम व शांति का जन्म होता है ।

### चाकू सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र श्री राम मंदिर सर्विस लेन जीटी रोड के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी कर्ण को अवैध कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध चाकू है। वह किसी भी अप्रिय घंटना को अंजाम दे सकता है। पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। बब्याल के बालक राम ने 4 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सोनू कुमार तथा अन्य ने उसके पुत्र को सरकारी नौकरी लगवाने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है।

### महिला से टेलीग्राम पर काम दिलाने के नाम पर ठगी

**करनाल।** करनाल की एक महिला से टेलीग्राम पर काम दिलाने का झांसा देकर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। महिला को पहले छोटे टास्क के बदले पैसे लौटाकर भरोसे में लिया गया और फिर बड़ी रकम के ट्रांजैक्शन करवाकर 1.86 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। करनाल की सेक्टर-29 निवासी दिव्या ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कुछ दिन पहले उनके टेलीग्राम अकाउंट पर एक मैसेज आया। उसने दावा किया कि घर बैठे पैसे कमाने का मौका है। शुरुआत में कुछ टास्क दिए गए और कहा गया कि पहले थोड़ी रकम भेजो, फिर पेमेंट आएगी। पीड़िता ने शुरुआत में 100 रुपए भेजे तो तुरंत ही उनके पास 234 रुपए आ गए। इससे उन्हें भरोसा हो गया और फिर पांच ट्रांजैक्शन में 1798.05 रुपए भेजे, जिसमें से 863 रुपए लौटाए गए। इसके बाद तीन ट्रांजैक्शन में 1307 रुपए और भेजे और बदले में 2448 रुपए आए। लेकिन इस बार पैसा वापस नहीं आया। उल्टा और पैसे की मांग की गई। घटना के बाद पीड़िता को अहसास हुआ कि ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है। उसने 29 अप्रैल को ही साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके शिकायत दी थी।

---

### पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया

# 46 करोड़ की लागत से बदलेगी 53 सड़कों की तस्वीर, सीएम ने लगाई मुहर

164.67 लाख की लागत से मानव चौक से रेलवे क्रासिंग तक सड़क का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

अंबाला शहर की 53 सड़कों की तस्वीर बदलने जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस सड़कों के निर्माण व रिपेयर के लिए 46.40 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दी है। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इसके लिए सीएम नायब सैनी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र की ओर से सड़कों के नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए मांग रखी थी जिसे स्वीकृत किया गया है। गोयल ने बताया कि जिन सड़कों का नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाएगा उनमें 19.9 लाख रुपये की लागत से अंबाला-बडौला रोड से लखनौर साहिब लिंक रोड, 24.67 लाख रूपए की लागत से अंबाला-बडौला रोड से धुराला तक, 22.06 लाख रुपये की लागत से लिंक रोड अंबाला-बडौला रोड से रौलाहेड़ी तक, 11.38 लाख रुपये की लागत से अंबाला-बडौला रोड से आनंदपुर जलबेडा लिंक रोड, 47.14 लाख ररुपये की लागत से अंबाला-कालका रोड से गांव डंगडेहरी लिंक रोड, 27.13 लाख रुपये की लागत से एमएमएन रोड से जगौली से सैनपुरा लिंक रोड, 2.78 लाख रुपये की लागत से गांव नन्यौला से गुरुद्वारे तक, 2.94 लाख रुपये की लागत से एमएमएन रोड से जगौली से सेखपुरा, 13.15 लाख रुपये से एमएसएन रोड से खुरचूनपुर, 62.12 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से बलाना से धुराला, 23.1 लाख रूपए की लागत से नन्यौला से डेलूमाजरा से एचबी मंदिर, 3.2 लाख रुपये से एमएसएनरोड से पंजौला पंचायत घर, 59.46 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से सुल्लर से नारायणगढ़ चुंगियां,191.64 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से बलाना से लदाणा, 133.6 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से बलाना से सुल्लर, 36.8 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से मुजफरा, 71.35 लाख रुपये की लागत से एमएसएन रोड से पंजौला से पंजाब बोर्डर, 85.35 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड़ से अहमा से कपूरी ताहिरपुर, 20.29 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से बकनौर से मंदिर, 18.15 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से निहारसी रोड से गौरसियां फिरनी से गौरसियां तक तथा इसके साथ साथ अन्य सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा।

#### लोगों की समस्याएं भी सुनी

वीरवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई की। इसके तहत उन्होंने अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान भी किया। इस दौरान गोयल ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि जनता को राहत देना ही नायब सरकार का प्रथम उद्देश्य है। अगर कोई अधिकारी बिना वजह लोगों के चक्कर कटवाता है तो ऐसे अधिकारी अपनी कार्यशैली सुधार लें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी दिन रात एक कर हर प्रदेशवासी की सेवा में जुटे हैं। सीएम से प्रेरणा लेकर ही वो भी इलाके की जनता की समस्याओं का समाधान करने में जुटे हैं।

---

# मांगों को लेकर आशा वर्करों ने किया प्रदर्शन



कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती आशा वर्कर्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र, मजदूर संगठन सीटू से सम्बन्धित आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर कुरुक्षेत्र जिला में आशा वर्कर्स ने सुबह ताज पार्क पर इकट्ठा होकर धरना दिया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान मनजीत ने की व संचालन जिला सचिव पिंकी ने किया। धरना स्थल से प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू जिला प्रधान रानी देवी व सीटू जिला सचिव अनिल कुमार कर रहे थे। सीटीएम के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए सीटू जिला प्रधान रानी देवी, अनिल कुमार, उषा, सुखविंद्र, कुशलता आदि ने कहा कि भिवानी जिले में और बहादुरगढ़ में एएनएम द्वारा आशा वर्कर्स के साथ मारपीट व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर आज विरोध प्रदर्शन किया गया। 6 महीने से केंद्र सरकार के द्वारा दिया जाने वाला मानदेय स्टेट की पेमेंट नहीं आयी है। सभी वक्ताओं ने आह्वान हुए कहा कि 20 मई को सीटू की तमाम युनियने केंद्र व राज्य सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होकर सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि 44 श्रम कानूनों को चार कोड में बदला जा रहा है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा सभी कार्य स्थलों पर, सरकारी क्षेत्र एवं उद्योगों में श्रम कानून लागू करने, न्यूनतम वेतन 26000 पर घोषित करने ,ठेका प्रथा खत्म करने, सभी परियोजना वर्करों एवं कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग की।

---

# झगड़े की सूचना पर पहुंची डायल 112 गाड़ी पर हमला

- ईंट लगने से शीशा टूटा, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पुराना हमीदा में झगड़े की सूचना मिलने पर पहुंची डायल 112 की टीम पर एक युवक ने हमला कर दिया। ईंट लगने से गाड़ी का शीशा टूट गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर यमुनानगर थाने में तैनात एसपीओ भगत सिंह ने बताया कि वह ईवीआर गाड़ी पर ड्राइवर की नौकरी करता है। उसके साथ एचजीएच शिवकुमार ड्यूटी पर था। रात को करीब साढ़े 11 बजे उनके पास लड़ाई झगड़े की सूचना आई। सूचना मिलते ही वह पुराना हमीदा कॉलोनी में पहुंचे। इस दौरान झगड़े में तीन व्यक्तियों को चोटें लगी थी। उनके परिजन घायलों को सिविल अस्पताल में लेकर चले गए थे। जब वह वापस जाने के लिए अपनी गाड़ी मोड़ रहे थे तो पीछे से एक युवक गालियां देते हुए आया। आरोपी ने आते ही गाड़ी के शीशे पर ईंट से हमला कर दिया। जिससे उनकी गाड़ी का सामने वाला शीशा टूट गया। आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। उन्होंने गाड़ी से उतरकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया मगर वह अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गया। आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी गगन के रूप में हुई। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### पुलिस ने इनामी बदमाश को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने स्चेचिंग की वारदात में शामिल फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आरोपी सोनू निवासी विकास नगर, एनएफएल क्षेत्र, पानीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू पुलिस पकड़ से बचने के लिए ठीकाने बदल बदल कर छुपकर रह रहा था। इधर, सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि हुडा सेक्टर 29 स्थित सज्जन चौक के पास दिसंबर 2023 में ई रिक्शा सवार गांव सिवाह निवासी अमन से मारपीट कर मोबाइल फोन, पर्स व सोने की चेन छीनने की वारदात को अंजाम दिया गया था। अमन ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अज्ञात के खिलाफ शिकायत देकर अभियोग दर्ज कराया था। इसी मामले में सोनू आरोपी था और फरार चल रहा था, पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपये का इनाम रखा था।

# मुस्लिमों ने पाकिस्तानी झंडे को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत में पाकिस्तान के झंडें को पैरो तले रौंदते हुए मुस्लिम समाज के लोग।

- पानीपत में दरगाह कलंदर साहब के मुख्य द्वार पर जुटे
- मस्लिमों ने लड्डू बांट कर पाकिस्तान पर हुई कार्रवाई की खुशी जताई

पानीपत में दरगाह कलंदर साहब के मुख्य द्वार पर वीरवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान का झंडा सड़क पर चिपका कर उसे जूतों से रौंदा साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय सेना का भी एयर स्ट्राइक कार्रवाई के समर्थन में देशभक्ति के नारे लगाए। मस्लिमों ने लड्डू बांट कर पाकिस्तान पर हुई कार्रवाई की खुशी जताई। एडवोकेट इरफान अली ने कहा कि जो भी भारत ने हमले किए वो मस्जिद या मरकज नहीं बल्कि आतंकवादियों के ठिकाने थे। जिनको ध्वस्त करने का काम भारतीय सेना ने किया जो सराहनीय है।

इस मौके पर राशिद प्रधान खान, इरशाद अंसारी, फैजान, सुरेश कागरा, नदीम, हारून, महात्मा प्रहलाद, सुभाष कबीरपंथी, मोइन मंसूरी, फुरकान व इरफान अंसारी आदि मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर इस संबंध में , सुभाष करीबपंथी ने कहा कि पाकिस्तान जब भी भारत पर आतंकी हमला करें तभी मोदी सरकार को पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए।

### पहले शराब पी फिर एक लाख चोरी किए

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा की कवि रोड स्थित मुंशीराम कॉलोनी निवासी सुक्रमपाल के घर से चोरों ने एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। वहीं चोरों ने घर में रखी शराब का भी सेवन किया। सुक्रमपाल अपने कार्य से बैंक जाने के लिए घर से निकले थे। इसी बीच एक लोडिंग ऑटो सवार तीन बदमाश घर के बाहर पहुंचे। जिन्होंने दरवाजे का ताला तोड़ा और भीतर दाखिल हुए और चोरी की।

इधर, सुक्रमपाल की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात तीन लोगों पर केस दर्ज किया। जबकि पुलिस व एफएसएल की टीम ने जहां घटनास्थल की जांच की और घटनास्थल से सबूत जुटाए वहीं पुलिस ने घटनावाले क्षेत्र के सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं।

---

# दो अवैध कॉलोनियों मे चला पीला पंजा

- जिला योजनाकार विभाग की टीम ने की कार्रवाई
- इंद्री के मुरादगढ़ रोड पर बन रही दो अवैध कालोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। इंद्री में मुरादगढ़ रोड पर बन रही अवैध कॉलोनियों मे सड़कों को ध्वस्त करती जेसीबी ।

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने इंद्री के मुरादगढ़ रोड पर बन रही दो अवैध कालोनियों पर पीला पंजा चलाया। इन कालोनियों में बनी सड़कों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। जिला योजनाकार विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ इंद्री के मुरादगढ़ रोड पर करीब चार एकड़ में बन रही एक कालोनी में सडको को जेसीबी की सहायता से तोड़ दिया। इस कॉलोनी मे पहली बार विभाग द्वारा तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई है। वहीं दूसरी ओर मुरादगढ़ मोड़ पर लगभग एक एकड़ में बन रही एक अन्य कालोनी में भी विभाग द्वारा तोड़फोड़ की गई। इस कालोनी में पहले भी तोड़फोड़ की कार्यवाही कई बार की जा चुकी है।

इस बारे में जानकारी देते हुए एटीपी मोहित ने बताया कि इंद्री में दो अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की गई है । मोहित ने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि अवैध कालोनियों में मकान या दूकान का प्लाट ना खरीदें। केवल मंजूरशुदा कालोनी में ही प्लाट लें। लोग कॉलोनाइजरों के बहकावे में आकर अपनी मेहनत की कमाई को अवैध कालोनियों में लगा देते हैं जिसका खामियाजा बाद में जनता को भुगतना पड़ता है।

### लोक अदालत में 2 बंदियों को किया रिहा



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार कुरुक्षेत्र में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि लोक अदालत में जिला कारागार द्वारा 7 केस रखे गए थे। जिनमें से 2 केस सैटल किए गए और 2 बंदियों को मौके पर ही रिहा किया गया।

# भाई के दोस्त ने शादी का झांसा देकर महिला से 6 साल बनाए अवैध संबंध

- बाद में आरोपी ने शादी करने से किया मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी महिला के साथ उसके भाई के दोस्त ने शादी का झांसा देकर छह साल तक संबंध बनाए। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया और मकान लेने के नाम पर उससे दो लाख रुपए भी हड़प लिए। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका अपने पति से तलाक हो गया था। जिसके बाद वह यमुनानगर काम करने के लिए आई थी। आरोपी अशरफ चिलकाना उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। आरोपी उसके भाई का दोस्त है। आरोपी का उनके घर पर आना-जाना था। इस दौरान आरोपी उसे कहने लगा कि वह उससे शादी करना चाहता है। आरोपी ने उसे अपने प्यार के झांसे में फंसा लिया। इसके बाद आरोपी जगाधरी में उसके मकान पर आने जाने लगा। एक दिन आरोपी उसके मकान पर आया। आरोपी ने आते ही उसे कुछ नशीला पदार्थ पिला दिया। जिससे वह बेसुध हो गई। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। आरोपी शादी का झांसा देकर करीब छह साल तक उसके साथ संबंध बनाता रहा। इस दौरान वह चार बार गर्भवती भी हुई मगर आरोपी ने उसका जबर्दस्ती गर्भपात करवा दिया। पीड़ति ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उससे मकान लेने के नाम पर दो लाख रुपए भी ऐंठ लिए। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पुराना सहारनपुर रोड पर गांव बहरामपुर के पास बीती रात दो बाईकों की भिड़ंत में एक बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक अपनी बुआ समस्तपुर से अपने घर गधौली लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव गधौली निवासी विक्की ने बताया कि वह तथा उसका बड़ा भाई दीपक अपनी अपनी बाइक पर अपनी बुआ के घर समस्तपुर गए थे। रात को नौ बजे जब वह समस्तपुर से वापस घर लौट रहे थे तो पुराना सहारनपुर रोड पर गांव बहरामपुर के पास तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने उसके भाई दीपक की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दीपक तथा दूसरी बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने एंबुलेंस की सहायता से उसके भाई दीपक को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया।

**अभियान** सरकार ने कुरुक्षेत्र में 2020 में प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की

# देशभर के 2,495 किसानों व कृषि अधिकारियों को दिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण : कर्म चंद

प्राकृतिक खेती से जुड़ी किसी भी जानकारी या प्रशिक्षण के लिए नजदीकी कृषि अधिकारी से संपर्क करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कृषि उपनिदेशक डॉ. कर्म चंद ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण संस्थान ने देशभर के 2495 किसानों और कृषि अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने 12 मार्च 2020 को जिला कुरुक्षेत्र स्थित गुरुकुल परिसर में प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की थी। यह संस्थान वर्तमान में पद्मश्री सम्मानित एवं प्रदेश प्रशिक्षण सलाहकार डॉ. हरी ओम राज्य की देखरेख में कार्यरत है। कृषि उपनिदेशक डॉ. कर्म चंद ने कहा कि इस संस्थान में हरियाणा के 550 किसानों और कृषि अधिकारियों को 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 1260 किसानों को एक दिवसीय शैक्षिक एक्सपोजर विजिट के माध्यम से प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों से अवगत कराया गया। 30 किसानों को गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अन्य राज्यों के 655 किसान एवं कृषि अधिकारी भी इस संस्थान से प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इस प्रकार, यह संस्थान न केवल हरियाणा के किसानों और कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने में भूमिका निभा रहा है, बल्कि अन्य राज्यों से आने वाले प्रतिभागियों को भी प्राकृतिक कृषि के प्रति जागरूक कर रहा है।

#### कृषि हमारे देश की रीढ़



कृषि उपनिदेशक डॉ. कर्म चंद ने कहा कि कृषि हमारे देश की रीढ़ है। यह क्षेत्र जो न केवल भोजन की आवश्यकता पूरा करता है, बल्कि करोड़ों लोगों को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी आज भी खेती-किसानी पर निर्भर है। फिर भी, हम सभी जानते हैं कि खेती से आमदनी दिन-ब-दिन कम होती जा रही है, जबकि खर्चे बढ़ते जा रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के अनुसार, करीब 70 प्रतिशत कृषि परिवारों की मासिक आय जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है। आधे से ज्यादा किसान कर्ज में डूबे हैं। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां लगभग 90 प्रतिशत किसान परिवारों पर औसतन 1 लाख का कर्ज है। बढ़ते हुए बीज, खाद और पानी के खर्चों ने छोटे और सीमांत किसानों के लिए खेती को घाटे का सौदा बना दिया है। ऐसे समय में जरूरत है एक ऐसे समाधान की, जो लागत कम करे, उपज बढ़ाए और धरती की सेहत भी बनाए रखे।

खबर संक्षेप

## ठेके राष्ट्रीय व राज्य मार्ग से 500 मीटर दूर रहेंगे

**करनाल।** उप आबकारी व कराधान आयुक्त (सेल्स टैक्स) नीरज ने बताया कि हरियाणा सरकार की कैबिनेट मीटिंग में 5 मई को हरियाणा आबकारी नीति 2025-27 को अनुमोदित कर दिया गया है। यह नीति कुल 21 महीने के लिए निर्धारित है जोकि 12 जून 2025 से 31 मार्च 2027 तक मान्य रहेगी। नीरज ने बताया कि आबकारी नीति के पैरा 1.2.2 के अनुसार ठेके राष्ट्रीय और राज्य मार्ग से 500 मीटर की दूरी पर रहेंगे परन्तु जिस गांव की जनसंख्या 20 हजार या उससे कम है, वहां यह दूरी 220 मीटर निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय और राज्य मार्ग से संबंधित यह शर्त शहरी क्षेत्र में लागू नहीं होगी। किसी भी ठेके पर रंग बिरंगी लाइटें नहीं लगाई जाएंगीं व ठेके पर किसी प्रकार का विज्ञापन नहीं होगा। गांव की जनसंख्या 500 से कम है वहां पर शराब का ठेका नहीं खुलेगा व जिस गांव की जनसंख्या 501 से पांच हजार तक है उस गांव में मुख्य ठेके के अतिरिक्त एक उप-ठेका व पांच हजार एक से ऊपर जनसंख्या पर उस गांव में मुख्य ठेके के अतिरिक्त दो उप-ठेके खोलने का प्रावधान है। जिस गांव में गुरूकुल हैं उस गांव में शराब का ठेका नहीं खुलेगा। शराब के ठेके किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल, कॉलेज, मुख्य बस स्टैण्ड व पूजा के स्थान के मुख्य गेट से 150 मीटर की दूरी पर स्थापित होंगे। शहरी एरिया में आबकारी व कराधान आयुक्त इस दूरी को 75 मीटर तक कर सकते हैं।



## लोक अदालत में रखे 1580 मामले और 531 निपटाए

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में वीरवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष ए.के. जैन व सदस्य मीनाक्षी के द्वारा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों का निपटारा इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया। लोक अदालत में 1580 मामले रखे गए थे जिनमें से 531 मामलों का निपटारा 96 लाख 12 हजार रुपये की निपटारा राशि पर किया गया।

## श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर की सुख समृद्धि मांगी

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी बड़े ही श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कीर्तन का आनंद उठाया।

# तैंतालीस सालों में पैंतालीस हजार से अधिक डीड तैयार कर चुके हैं दिनेश बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में पिछले 43 सालों से बसीका नवीस का काम कर रहे करनाल के सबसे अधिक अनुभवी डीड राइटर दिनेश बंसल ने पिछले पांच दशक में हुए बदलाव को देखा हैं। पहले पेड़ के नीचे काम शुरू किया था। आज वह एसी कक्ष में बैठते हैं। जहां उनके सहयोगी कंप्यूटर टेबलेट के साथ लेपटांप पर काम करते हैं। पहले वह हाथ से डीड लिखते थे।

वे अब तक लगभग 45 हजार से अधिक रजिस्ट्रियां लिख चुके हैं। उन्होंने अब तक बीस डीडी राइटर तैयार कर चुके हैं। दिनेश बंसल का इस क्षेत्र में आना किसी आकस्मिक घटना से कम नहीं था। दिनेश बंसल ने उस दौर को देखा हैं जब डीड राइटर हाथ से वयनामा और रहनामा तथा डीड लिखते थे। दिनेश बंसल का बचपन राजसी तौर पर बीता। उनके पिता जयभगवान बंसल सीबीआई में डीएसपी थे। उनका परिवार उस समय दिल्ली में रहता था। उनके पिता देश के पहले प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू के सुरक्षा अध्किारी थे। वह देश के महत्वपूर्ण सुरक्षा के साथ खूफिया अधिकारी थे। उन्होंने 1968 में सीबीआई से स्वैच्छिक सेवानिबृत्ति ली। उसके बाद करनाल में आकर मंडी में आढ़ती की दुकान की। उसके बाद उन्होंने राइस मिल भी लगाया। लेकिन हर व्यापार में घाटा हुआ। उसके बाद परिवार के पास रोजी का संकट खड़ा



हो गया। दिनेश बंसल ने ग्रैजुएशन करने के बाद तहसील में स्टाम्प बैंडर के रूप में काम शुरू किया। उसके बाद उन्होंने डीड राइटर की परीक्षा पास कर डीड राइटर का काम शुरू किया। दिनेश बंसल ने बताया कि उन्होंने करनाल के बदलाव को देखा हैं। करनाल के विस्तार को उन्होंने नजदीकी से देखा था।

- पिता देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू के सुरक्षा अधिकारी रहे
- 43 साल पहले पेड़ के नीचे हाथ से लिखते थे डीड अब कंप्यूटर पर एसी कक्ष में डीड लिखते हैं
- अब तक बीस डीडी राइटर तैयार कर चुके हैं।

### आज डीड राइटर को मिलते हैं ढाई सौ रुपये

जिस समय दिनेश बंसल काम शुरू किया उस समय डीड राइटर को बीस रुप मिलते थे। आज डीड राइटर को ढाई सौ रुपये मिलते हैं। उस समय करनाल में एक तहसील थी। अब नीलोखेड़ी घरौंडा असंध, इंद्री, निगदू तरावड़ी के साथ सब तहसीलें बनी । उन्होंने बताया कि पहले पुराने जीटी रोड पर तहसील हुआ करती थी। उस समय वह पेड़ के नीचे बैठते थे। उनके पास टाइप राइटर हुआ करते थे। उन्होंने बताया कि उस समय पटवारी का बोलबोला हुआ करता था। पहले वह डीड लिख कर संबंधित व्यक्ति को दे दिया करते थे। पहले समय में पटवारी नायब तहसीलदार और तहसीलदार सहयोग नहीं करते थे। जैसी रजिस्ट्रियां लिखी जाती थीं। उन्ही पर वह साइन कर दिया करते थे। लेकिन आज पटवारी और तहसीलदार सहयोगी रुख अपनाते हैं। उन्होंने बताया कि पहले जहां पेड़ के नीचे बैठते थे। उस समय कडक़ड़ाती सर्दी गर्म हवा के थपेडों के साथ बारिस का सामना करते थे।उसके बाद शेड मिले। उसमें भी मौसम की प्रतिकूलता का सामना करते थे। उस समय पानी टपकता था। लेकिन सरकार ने उन्हें चैंबर दे दिए। आज वह ऐसी कक्ष में बैठ कर अपना काम करते हैं। आज कंप्यूटर पर काम करते हैं। सारा सिस्टम हाई टैक हो चुका हैं। उन्होंने बताया कि अब एक क्लिक में सारा सिस्टम सामने आ जाता है।

# मांगों को लेकर गरजी आशा वर्कर्स यूनियन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## चार-पांच महीने से आशा वर्कर्स को नहीं मिला मानदेय, मानदेय जारी करने की मांग

जिला प्रधान नीरू की अध्यक्षता में कर्ण पार्क में सभा की गई। संचालन जिला सचिव सुदेश ने किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आशा वर्कर्स यूनियन ने कर्ण पार्क से सीएमओ आफिस तक जिला स्तरीय प्रदर्शन किया। विभाग के निदेशक के नाम सीएमओ करनाल को ज्ञापन सौंपा गया। जिला प्रधान नीरू की अध्यक्षता में कर्ण पार्क में सभा की।

संचालन जिला सचिव सुदेश ने किया। जिला प्रधान नीरू, सुदेश व कैशियर कविता ने कहा कि चार-पांच महीनों से आशा वर्करों को मानदेय नहीं मिला है व एएनएम व




अधिकारियो द्वारा आशा वर्करों को मानसिक व आर्थिक तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा है। यूनियन की ओर से मांग रखी गई कि विभागीय प्रताडऩा पर रोक लगाने के लिए जिला स्तरीय निष्पक्ष जांच कमेटी बनाई जाए। लोहारू सीएससी पर आशा वर्कर पर हुए हमले की निष्पक्ष व तुरंत जांच करवाई जाए। आशाओं को मानदेय का भुगतान जल्द करने की मांग भी गई।

यूनियन की ओर से कहा गया है कि पंचकूला में 2020 में पत्र को आधार बनाकर हटाई गई आशा वर्कर को काम पर वापस लिया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2023 में हड़ताल के दौरान समझौते के दौरान सहमति बनी थी कि आशा पे ऐप में सुधार करके, सेल्फ अप्रेजल को खत्म किया जाएगा और आशाओं के शोषण पर रोक लगाई जाएगी। यूनियन विभाग से अपील करती है कि समझौते के अनुसार आशा पे एप में सुधार करते हुए ऑफलाइन अप्रेजल को खत्म करके आशाओं की समस्या का तुरंत समाधान करे ताकि जनता के हित में बेहतर स्वास्थ्य के कार्यक्रम की मुहिम को मजबूत किया जा सके।

### इन्होंने किया संबोधित

इस अवसर पर सतपाल सैनी, ओ.पी माटा, गीता, निशा, कविता, नीरू, सुदेश, किरण, सरोज, रुपा सैनी, मीना सैनी, सुनीता, नीरू, सुरेशो, मीना, ममता, शोभा, हुकमी, अगूरी देवी, शीला, बबीता, मोनिका, सीमा व नीलम ने संबोधित किया।

# बैंक मैनेजर पर हुआ मामला दर्ज किसान ने लगाया ठगी का आरोप

हरिभूमि न्यूज करनाल

करनाल के घरौंडा के रहने वाले किसान ने बैंक मैनेजर और दोस्त पर बड़ा आरोप लगाया है। किसान का कहना है कि उसने एक आरोपी से 8 लाख 10 हजार रुपए लेने थे, जिसके लिए उसने लिखित समझौता भी कराया था। समझौते के आधार पर उसने बीती 21 अप्रैल को एक्सिस बैंक में एक चेक लगाया। लेकिन अगले दिन बैंक से उसे ये कहकर लौटा दिया गया कि चेक की रकम जारी नहीं की जाएगी। उसे अंदरूनी तौर पर जानकारी मिली कि बैंक मैनेजर ने अपने दोस्त के कहने पर चेक उसे ही वापिस सौंप दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**चेक आरोपी को सौंपने का आरोप:** किसान मनप्रीत सिंह का कहना है कि जब वह 22 अप्रैल को माल रोड पर स्थित एक्सिस बैंक में पेमेंट लेने गया तो बैंक कर्मियों ने उसे बताया कि उसका चेक आरोपी अमृतपाल को ही वापिस दे दिया गया है। एक स्टाफ मेंबर ने ये




जानकारी दी लेकिन नाम उजागर करने से मना कर दिया। किसान ने जब बैंक के डीलिंग हेड से बात की तो उसने बताया कि अमृतपाल बैंक मैनेजर का खास दोस्त है और उसका लोन भी मैनेजर के माध्यम से पास होता है। आरोप है कि मैनेजर कमीशन बेस पर काम करता है और अमृतपाल को फायदा पहुंचाने के लिए उसके खिलाफ मिलीभगत की कि मैनेजर कमीशन बेस पर काम करता है और अमृतपाल को फायदा पहुंचाने के लिए उसके खिलाफ मिलीभगत की गई।

**पंचायत में हुआ था लिखित समझौता:** किसान ने बताया कि आरोपी अमृतपाल सिंह असंध के डेरा पंडोरिया से उसे 8 लाख 10 हजार रुपए लेने थे। इसके लिए पंचायत में लिखित समझौता हुआ था, जिसकी कॉपी उसके पास मौजूद है। उसने 21 अप्रैल को एक्सिस बैंक करनाल ब्रांच में खाता नंबर पर चेक जमा कराया।

## पूर्व सांसद ने सांसद खेल स्पर्धा की तैयारियों का लिया जायजा

**करनाल** । करनाल लोकसभा से पूर्व सांसद संजय भाटिया ने करनाल के कर्ण स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता समारोह को भव्य रूप प्रदान करने हेतु सभी व्यवस्थाओं एवं इसकी तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के अतिरिक्त करनाल विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी,विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मेयर रेणुबाला गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता,सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा एवं करनाल एस डी एम अनुभव मेहता भी मौजूद रहे। पूर्व सांसद संजय भाटिया ने कहा कि खेल भावना को प्रोत्साहित करने और युवा प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि हर वर्ष इस तरह की सांसद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। उन्होंने बताया कि सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 मई को पानीपत से हुआ था और इसका समापन 11 मई को करनाल के कर्ण स्टेडियम में होगा। इस प्रतियोगिता में विजेता टीमों को प्रथम पुरस्कार में नकद 51000 रुपए, द्वितीय स्थान में रहने वाली टीम को 31000 रूपए एवं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को 21000 रुपए नकद एवं सभी टीमों के खिलाड़ियों को मैडल शील्ड व टी शर्ट भी दी जाएंगी।

- विजेता टीमों को प्रथम पुरस्कार में नकद 51000 , द्वितीय स्थान में रहने वाली टीम को 31000 एवं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को 21000 रुपए नकद राशि मिलेगी
- प्रतियोगिता समापन 11 मई को करनाल में होगा



## एडीजीपी ने एनडीपीएस में पकड़े मादक पदार्थों का किया निरीक्षण

**करनाल।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मण्डल करनाल डा.एम रवि किरण भा.पु.से. द्वारा जिला पुलिस लाईन करनाल में पुलिस अधीक्षक करनाल गंगाराम पूनिया, पुलिस अधीक्षक कैथल आस्था मोदी व पुलिस उपाधीक्षक सतीश कुमार गोतम के साथ करनाल रेंज के जिला करनाल में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत पकड़े गए मादक पदार्थों (चुरापोस्त, गांजा, चरस, स्मैक, सुल्फा, सीरप, कैप्सुल, गोलियां, कैंफर, अफीम मिक्सचर, इनटाक्सीन पाउडर और हीरोइन) का मालखाना के रजिस्ट्र के अनुसार निरीक्षण किया गया।

इसमें जिला पुलिस करनाल अप्रैल 2025 तक के माननीय न्यायालय से फैसला सुधा एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दर्ज कुल 106 मामलों मे कुल 262.442 किलोग्राम व 5067 कैप्सुल और 16655 नशीली गोलियां शामिल थे। इन मामलों में पकड़े गए नशीले पदार्थों का निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के निर्देशन व सभी ड्रग डिस्पोज कमेटी के सदस्यों की मौजुदगी में जिला करनाल के इन मादक मदार्थो को जिला पुलिस लाइन करनाल में एक सुरक्षित स्थान पर रखकर सील किया गया व आईजी ने कहा कि जल्द ही कमेटी के सभी सदस्यों की निगरानी में इन मादक पदार्थो का बजीदा स्थित वेस्टेज फैक्ट्री में निपटारा किया जाएगा।

# आपरेशन सिंदूर का समर्थन किया सरकार का साथ देने का आह्वान

- मोदी है तो सब कुछ सम्भव है: मौलाना अबुल कलाम फैजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में मची खलबली पूरे हिन्दुस्तान में खुशी की लहर के बीच मुस्लिमों ने भी इस पर फक्र जताया है। इस बारे में कई लोगों से हुई बातचीत के अंश। खुर्शीद आलम पूर्व मिडिया कॉर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार ने कहा है की 22 अप्रैल को जो क्रूरता का कार्य किया जिसमें हमारे निर्दोष सैलानियों को गोलियों से मौत के घाट उतर दिया था उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है आतंकियों को मार कर उसी दिन भारत के भारतवासियों को ये विश्वास हो गया था नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री निशित तौर अपने शहीदों का बदला लेंगे जबकि सच्चाई है भारत कभी कोई भी लड़ाई नहीं चहता है सिर्फ शान्ति चहता है ओर अगर कोई भी भारत की शान्ति भंग करने की कोशिश करता है तो



उद्धरण के तोर पर किसी भी देश जब भी सर उठाने की हिम्मत की है तो भारत की फौज ने सर उठाने वालो के सर ही सरो पर नही रहने दिए भारत शान्ति प्रिय देश हे मगर जब भी किसी ने इसकी तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत की उसको करारा जवाब दिया गया है।

मुफ्ती मौलाना मोहम्मद आज़म साहब ने कहा पहलगाम में हमारे देश के बेगुनाहों पर जिस प्रकार से पाकिस्तानी आतंकवादियों ने नाम पूछ कर उनकी जान ले है उसका ये ही हश्र होना था हमे मोदी जी पर भरोसा है की पाकिस्तान को और अतंगवाद को मिटा कर ही दुनियां को अपनी ताकत दिखने का कार्य कर रहे हैं। मौलाना अबुल कलाम फैजी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा की मोदी है तो सब कुछ सम्भव है हमारे देश में आतंकियों को भेज कर हमारे देश पर हमला तोडफ़ोड़ करता रहता है आज भीगी बिल्ली बन गया है। कारी इरसाद अहमद ने कहा पहलगांव में जिस प्रकार से पाकिस्तानी अतंगवादियों ने हमला कर हमारे देश के घूमने गए लोगो पर गोलियां चलाई और उनकी निर्मम तरीके से हत्या की उससे भारत के मुसलमानो को भी बहुत ज्यादा गुस्सा है प्रधानमंत्री ने जो जवाब पकिस्तान को दिया काबिले तारीफ है। हाजी कारी वकीलुर्रमान ने कहा पहलगांव में हमारे देश के लोगो जो शहीद हुए थे आज ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन को खत्म कर सबक सिखाने का कार्य किया है अब देखना एक दिन भारत की फौज पकिस्तान का नाम नक्शे से ही खत्म कर देगा। हाजी कारी मौलाना अब्दुर्रहन साहब ने ऑपरेशन सिंदूर पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है की हमारे देश के शहीदों की आत्मा को शांति मिली होगी और उनके परिवार वालों को भी सकून। निश्चित तौर पर पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराने पर मोदी के नेतृत्व में भारत एक है भारत वासियों को एक जुट होकर पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने का वक्त आ गया है। मौलाना ज़ाकिर हुसैन ने ऑपरेशन सिंधुर की प्रसंसा करते हुए कहा की बंदर घुडकी को देना वाला आज लुकता फिर रहा मुफ्ती अब्दुर्रहिम ने कहा पहलगांव का बदला लेना ही हम सब का मकसद होना चाहिए आज पकिस्तान को पता चल गया है किसी के घर में आतंक फैलने का क्या अंजाम होता है

## कनिका विहार कॉलोनी की गली होगी पक्की

# महापौर ने गली निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने गुरूवार को वार्ड नम्बर 5 की कनिका विहार कॉलोनी में गली को पक्का करने के कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड 5 के पार्षद सुभाष चंद काम्बोज, वार्ड 4 के पार्षद भूपेन्द्र नोतना, नगर निगम के सहायक अभियंता विवेक बैनीवाल तथा कनिष्ठ अभियंता सोहन सिंह मौजूद रहे।

महापौर ने बताया कि कनिका विहार कॉलोनी में कच्ची गली को इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक टाईलों से पक्का करने का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बरसाती पानी निकासी के लिए पाईप लाईन भी डाली जाएगी। यह कार्य 6 माह में



पूरा कर लिया जाएगा। इस कार्य पर 36 लाख रुपये की राशि नगर निगम द्वारा खर्च की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गली के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए निगम इंजीनियरों को निर्देशित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त मौके पर फ्लेक्स बोर्ड भी लगाया गया है, जिसमें कार्य का पूरा ब्यौरा दर्ज है। इससे आम नागरिक को पता चल सकेगा कि कौन सी कंपनी/ठेकेदार कार्य कर रहा है, कितनी राशि खर्च होगी और किन अधिकारियों की देखरेख में कार्य कराया जा रहा है। इससे और अधिक पारदर्शिता आएगी। गुणवत्ता में कहीं खामी सामने आती है तो उसे संज्ञान में लाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त नागरिक ठेकेदार व अधिकारी से संपर्क साध सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल की गई है, इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

इस मौके पर जसबीर राणा, सुशील मान, विकास संधु, बलराम, अनिल तोमर, सतीश नरवाल, कुलदीप सिंह, सुरेश शर्मा, मुकेश सैनी, लवली, नरेश रोहिला, जमीर, अनीश, मनीष फौजदार, रिंकू, विजय, महेन्द्र रोड, सत्यवान, रामपाल प्रजापत, हरिश्चन प्रजापत, श्रवण शर्मा व मदन आदि मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनियों में ना करें कोई निर्माण, विभाग करेगा कार्रवाई

- पहली अवैध कॉलोनी मुरादगढ रोड पर इंद्रगढ गांव पर स्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस इंद्री में 2 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोडफोड की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि पहली अवैध कॉलोनी मुरादगढ रोड पर इंद्रगढ गांव पर स्थित जिसमें सभी कच्ची सड़कों एवं 2 डी.पी.सी. के के विरूद्ध तोडफोड की जो कि लगभग 4 एकड़ में स्थित।

अवैध कॉलोनी जो कि मुरादगढ रोड पर मटक माजरी गांव में जोकि 4 एकड़ में स्थित है। जिसमें सभी कच्ची सड़कों विरूद्ध तोडफोड़ की



कार्यवाही की गई। जिला नगर योजनाकार ने लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्यवाही जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाये जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने नशा तस्कर पकडा, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत रेलवे पुलिस ने मनीष कुमार सिंह निवासी गांव चिलहरी जिला बक्सर बिहार को प्लेटफार्म नंबर तीन व चार से गिरफ्तार किया और उसके पास से करीब सात किलोग्राम गांजा बरामद किया। मनीष, दिल्ली जाने के लिए ट्रेन के इंतजार में खडा था। वहीं, सब इंस्पेक्टर ऋषि कुमार की शिकायत पर थाना जीआरपी पानीपत ने मनीष के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्जक किया और बरामद मादक पदार्थ केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया।

### मारपीट के आरोप में पुलिस ने किया केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में ब्यूटी पार्लर संचालिका अनमोल से उसके परिचितों ने जबरन डेढ़ लाख रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर उसे बदनाम करने की भी धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने एक दिन पहले उसके साथ धक्का-मुक्की भी की थी। अनमोल की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने साहिल, इसकी मां व दोस्त अन्नू पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नि:शुल्क मेडिकल कैंप में स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** रेडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूनॉट की जयंती पर वीरवार को विश्व रेडक्रास दिवस के रूप जिला स्तर पर मनाया गया। वहीं, गौरव राम करण सचिव रेडक्रास की अगुवाई में मेडिकल कैंप का आयोजन हुआ। इस कैंप में 65 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, हरमेश चन्द, डा.पूजा सिंघल रक्त बैंक प्रभारी, जसमेर, मनोज कुमार, मीना काम्बोज, सुदेश, डा.सोनू सिंह, संदीप रत्तेवाल, प्रदीप, गुरप्रीत, अमित, मोहित आदि उपस्थित रहे।

### पतंजलि के शिविर में नागरिकों ने योग सीखा

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति ने जिले में विभिन्न स्थानों तथा तहसीलों में योग शिविरों का आयोजन शुरू कर दिया है। पतंजलि योग समिति के प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया कि इन योग शिविरों में नए-नए योग साधक भी जुड़ रहे हैं।

### विद्यार्थियों को गुड व बैड टच की जानकारी दी

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल, में काउंसलर हिमांशी बठला तथा प्री-प्राइमरी शिक्षिकाओं ने प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें विद्यार्थियों के लिए गुड टच और बैड टच की जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सरल और प्रभावशाली तरीके से यह समझाना था कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित गुड टच है और किस प्रकार का स्पर्श असुरक्षित बैड टच होता है।

### आर्य बाल भारती स्कूल में वर्ल्ड रेड क्रॉस डे मनाया

पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस और विश्व स्वयंसेवक दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया इस अवसर पर रेड क्रॉस के संस्थापक विश्व के महान मानवता प्रेमी जीन हेनरी जूनेट, ऋषि दयानंद,स्वामी श्रद्धानंद और स्वामी स्वतंत्रता नंद को भी सभी वक्ताओं ने याद किया।

---

### बागेश्वर धाम के सानिध्य में सत्यता को अपनाने का मौका मिलेगा : मंत्री

# बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कथा स्थल का भूमि पूजन किया

पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 के मैदान में 17, 18 व 19 मई को होने वाली कथा और दिव्य दरबार की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** पानीपत में कथा स्थल का पूजन करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल, स्वामी दयानंद, पंडित निर्मल शास्त्री आदि। *फोटो : हरिभूमि*


**पानीपत।** कथा स्थल पर हनुमन्त ध्वज की स्थापना करते हुए पंडित विजय वशिष्ठ, वेद पाराशर आदि। *फोटो : हरिभूमि*

पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 के मैदान में 17, 18 व 19 मई को अखिल भारतीय श्री राम-नाम जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली श्री बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा और दिव्य दरबार की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं अपने स्तर पर कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए लगी हुई है। जिसका शंखनाद के साथ वीरवार को कार्यक्रम स्थल पर सुबह हनुमन्त ध्वज स्थापना एवं भूमि पूजन स्वामी दयानन्द सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में किया गया। जिसमें शामिल हुए प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बताया कि भगवान का पानीपत पर आशीर्वाद है कि बागेश्वर धाम सरकार साक्षात बजरंगबली पानीपत में विराजमान हो गए हैं। उनका आशीर्वाद छत्रछाया हम सभी लोगों को मिलेगी। हम लोग कहीं ना कहीं इस मृत्यु लोक में जो पाप कर बैठते हैं बागेश्वर धाम के सानिध्य में उससे मुक्ति मिले एक रास्ता मिले सच्चाई की तरफ बढऩे का सत्यता को अपनाने के मौका मिलेगा। वहीं भूमि पूजन में पहुंचे शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि पानीपत के साथ साथ यह पूरे हरियाणा का सौभाग्य है कि बागेश्वर धाम सरकार पानीपत में आ रही है। जबकि पंडित निर्मल शास्त्री ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ग्राउंड पर पूज्य बालाजी महाराज का जो ध्वज स्थापना हुआ है यहीं से हनुमान जी का आगमन हो चुका है। शीघ्र ही बागेश्वर धाम सरकार के चरण पानीपत की पावन धरा पर पधार रहे हैं। सभी से उनकी अपील है कि आस पास के प्रदेशों से भक्तजन इस धर्मोत्सव महाकुंभ से कार्यक्रम में जरूर पधारें। वहीं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के अध्यक्ष सतीश गौतम ने बताया की पानीपत में बहुत भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। वहीं, कार्यक्रम में 72 घंटे यज्ञ भी चलेगा। जिसमें बागेश्वर सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कथा करेंगे और लोगों को धार्मिक संदेश देंगे।

#### भूमि पूजन में ये रहे उपस्थित

भूमि पूजन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, उद्योगपति विभु पालीवाल, सुरेश काबरा, आशु गुप्ता, वेद पराशर, रामकुमार सैनी, राधेश्याम गुप्ता, श्रीभगवान अग्रवाल, सतीश गोयल,राजीव जैन, विजय वशिष्ठ, सीए जतिन रहेजा, निरंजन पराशर, शिव पराशर, लेखराज जताना, बीके अंजना बहन, सुनील ग्रोवर, भीम सचदेवा, बबलू शर्मा सिवाह, अंकुर शर्मा, सुमित भारद्वाज व दीपक शर्मा मौजूद रहे।

---


**पानीपत।** देशबन्धु गुप्ता राजकीय राजकीय कॉलेज में मानवता की सेवा की शपथ लेते हुए टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।

## पौधे रोप करके मनाया विश्व रेडक्रास दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में रेडक्रॉस कमेटी के तत्वावधान में सर हेनरी ड्युनेट की स्मृति में वर्तमान समय में रेडक्रॉस जरूरत और इसके मानवतावादी कार्यो बारे जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने और कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस कमेटी के अध्यक्ष ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के द्वारा किया गया। वहीं, डॉ सुभाष चंद्र जागलान ने कहा रक्तदान करने से जहां दूसरों का जीवन बचाया जा सकता है वहीं हमारे शरीर की अनेक बीमारियां दूर होती। उन्होंने विद्यार्थियों को मॉकड्रिल बारे जागरूक किया। वहीं, डॉ रितु नेहरा ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि रेडक्रॉस आओ मिलकर रेडक्रॉस के मानवीय मूल्यों को जनसाधारण तक पहुंचाए। कॉलेज में रेडक्रॉस अध्यक्ष ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि रेडक्रॉस का काम केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है। रेडक्रॉस पूरे विश्व में मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हुए धर्मनिरपेक्षता, लेंगिक समानता, जातिविहीन समाज के लिए कार्यरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से महापुरूषों के सपनों को पूरा करने के लिए देश, समाज, मानवता की सेवा का आह्वान किया और विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई। इधर, विश्व रेडक्रॉस दिवस पर इको क्लब के विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में पौधे रोपे। इस अवसर पर डॉ. बृजेश बराड़, डॉ सोनिया दहिया, डॉ तकदीर सिंह, डॉ ज्योति, डॉ जयकुवर सहित 70 से अधिक विद्यार्थियों ने सेमिनार में भाग लिया।

---

## पीएमश्री स्कूल के छात्रों ने नशा नहीं करने की शपथ ली

- नशे से शरीर के साथ परिवार भी बर्बाद हो रहे है इस लिए इससे त्याग कर अच्छे नागरिक बनने की और बढ़ाएं कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाते एएसआई जगपाल ।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रशासन की ओर से एएसआई जगपाल सिंह रीडर डीएसपी समालखा द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यालय पहुंचने पर उनका उनका स्वागत किया गया। एएसआई जगपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे की लत से मुक्त करवाने हेतु जागरूकता, नशे से दूर रहने के प्रति सजगता, साथ ही अपने समाज में नशे की लत की बढ़ती हुई बुराई को समाप्त करना है। सभी ने मिलकर सबको शपथ दिलवाई की ना तो वह नशा करेंगे और जिन व्यक्तियों को नशे की लत लग चुकी है उनकी सहायता कर उनका नशा छुड़वायेंगे। वहीं ब्रह्मकुमारीज की ओर से ऑडियो विजुअल बड़े डिस्प्ले पर दिखाया गया। इस अवसर पर सोनिया चावला, रीना त्यागी, सोनिया गाबा, मनजीत वत्स, राजूराम जांगड़ा, उषा, मुरसलीन आदि मौजूद रहे।

### कृषि विभाग ने बीजों के सैंपल लिए

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक डॉ. आत्माराम गोदारा ने बताया कि वीरवार को पानीपत व समालखा बीज डीलरों से बीज के नमूने एकत्रित किए। उन्होंने सभी डीलरों को बीज से सम्बन्धित पक्का बिल देने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में किसी भी विवाद से बचा जा सके। एसडीओ देवेन्द्र कुहाड़ ने बताया कि धान की बिजाई का सीजन शुरू होने वाला है। इसलिए नमूने लिए जा रहे हैं ताकि बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके और उच्च गुणवत्ता वाले बीज मिलें ताकि फसल उत्पादन में सहायक हो। उप कृषि निदेशक डॉ. आत्माराम गोदारा ने बताया कि वीरवार को पानीपत व समालखा बीज डीलरों से बीज के नमूने एकत्रित किए।

## शैक्षिक भ्रमण करने से विद्यार्थियों का ज्ञान बढता है: डॉ विनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। दयाल सिंह स्कूल के विद्यार्थी संसद भवन का भ्रमण करते हुए।

दयाल सिंह स्कूल के विद्यार्थियों ने संसद भवन का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने संसद भवन के साथ इंडिया गेट और युद्ध स्मारक दिल्ली का भी दौरा किया। संसद भवन पहुंचकर विद्यार्थियों ने पुरानी और नई दोनों इमारतों की जानकारी प्राप्त की। बच्चे उस लाइब्रेरी में गए जहां आठ लाख से ज्यादा पुस्तकें मौजूद हैं। यह देश की सबसे बड़ी लाइब्रेरी है। इसके बाद बच्चे सैंट्रल हॉल पहुंचे जहां संविधान सभा के द्वारा भारत के संविधान का निर्माण किया गया था। नए भवन में विद्यार्थियों ने लोकसभा कक्ष का दौरा किया जो राष्ट्रीय पक्षी मोर की थीम पर बना है। राज्यसभा कक्ष राष्ट्रीय फूल कमल की थीम पर बना है। यहां विद्यार्थियों ने संसद के दोनों सदनों की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने युद्ध स्मारक और इंडिया गेट पर शहीदों को नमन किया। इधर, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों का ज्ञान बढता है।

---

## पाक हमले में शहीद हुए सिख श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


पानीपत। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला।

गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ में हुई गोलाबारी की निंदा की है जिसमें बुधवार को सिख समुदाय के लोग मारे गए और एक गुरुद्वारे की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पर हमला और सिखों की जान जाना महज एक घटना नहीं है यह मानवता पर आघात है। गुरुद्वारा में रागी भाई अमरीक सिंह, अमरजीत सिंह, भाई रणजीत सिंह सहित सिख समुदाय के अन्य लोग शहीद हो गए। बिल्ला ने कहा कि यह न केवल सिख समुदायों के लिए क्षति है बल्कि यह हमारे राष्ट्र और पर हमला है।उनकी शहादत कभी व्यर्थ नही जाएगी। देश उनके साथ खड़ा है और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। बिल्ला ने पीड़ति परिवारों को हरसंभव मदद करने की सरकार से अपील की।

## जनता की समस्याओं का तेजी से समाधान करें अधिकारी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** समाधान कैंप में अधिकारी को समस्या से अवगत करवाते हुए समाजसेवी रंजीता कौशिक। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने वीरवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं के निदान को लेकर अपने आत्मबल का सम्पूर्ण प्रयोग करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता समाधान शिविर में जो समस्याएं आ रही हैं, उनका निश्चित समय अवधि में समाधान करें। आमजन पर सरकार के इस कार्यक्रम का बड़ा प्रभाव है। इसलिए जो समस्याएं इसमें प्राप्त होती हैं, उन पर व्यक्तिगत रूचि लें। समाधान शिविर में जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह ने पिछली समस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की व जल्द-से-जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। आज के शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 32 समस्याएं पहुंची, जिनका उपायुक्त ने तत्काल समाधान करने के निर्देश सम्बन्धित विभाग के मुखिया को दिए। इस मौके पर एलडीएम राजकुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


**पानीपत।** नशे के विरूद्ध शपथ लेते हुए राजकीय स्कूल के टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।

## जिला पुलिस विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया

पानीपत। जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने वीरवार को ब्रहमकुमारीज संस्थान के साथ संयुक्त रूप से गांव भापरा, करहंस व माच्छरौली गांव के सरकारी स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नहीं करता है। नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशे से शरीर का नुकसान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। वहीं, समालखा ब्रहमकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका किरण व सहयोगी ममता ने ने भी विद्यार्थियों के नशे की लत के विरूद्ध जागरूक किया और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।

---

## यौन उत्पीडन के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा गांव झटीपुर, चंदौली और बडौली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में यौन उत्पीड़न और बुलीइंग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिला समन्वयक संजय कुमार ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के रोस्टर अनुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण और एमडीडी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में लड़कियों को यौन उत्पीड़न और बुलीइंग से बचने के तौर तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी लड़की को घूरना, उसका पीछा करना, लड़कियों को देखकर सीटी बजाना या कमेंट करना और अश्लील इशारे करना यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है और यह एक गंभीर अपराध है।

### मेडिकल स्टोर से डेढ लाख चोरी, शिकायत

**पानीपत।** पानीपत शहर की जाटल रोड पर स्थित दीक्षा मेडिकल स्टोर से डेढ लाख रूपये की नगदी चोरी कर ली गई। वहीं मेडिकल स्टोर के संचालक हरि किशन निवासी गांव दीवाना जिला पानीपत को स्टोर का आधा शटर खुला होने की सूचना पड़ोसी दुकानदारों ने दी। वहीं जब हरि किशन अपने मेडिकल स्टोर पर पहुंचा तो सामान बिखरा हुआ था और गल्ले से डेढ लाख रूपये की नगदी गायब थी। इधर, हरि किशन की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंडी में गेहूं की रिकार्ड आवक हुई

**इसराना।** पानीपत के उपमंडल इसराना अंतर्गत गांव बलाना में बनाई गई नई अनाज मंडी इसराना व परचेज सेंटर अहर में पिछले साल की अपेक्षा गेहूं की अधिक आवक हुई है। इसी खुशी में आढ़ती संगठन ने नई अनाज मंडी इसराना में भंडारे का आयोजन किया था। आढ़ती संगठन ने हरियाणा सरकार द्वारा किसानों का व आढ़तियों का साथ देने पर धन्यवाद किया था। मार्केट कमेटी सचिव पवन नागपाल ने इस अवसर पर बताया कि पिछले साल 2024-25 में हैफेड व एचडब्ल्यूसी ने मिलकर 4 लाख 45 हजार 255 क्विंटल गेहूं की खरीद की थी।

### आर्य गर्ल्स स्कूल में संस्कृत श्लोक गायन हुआ

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में संस्कृत विभाग के तत्वावधान में अंतर सदन श्लोक गायन प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रथम स्थान पर विवेकानंद सदन, द्वितीय नेहरु सदन तथा तृतीय स्थान पर दयानंद सदन रहा। विजेताओं को प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा व उपप्रधानाचार्या अनुभा गुप्ता ने पुरस्कृत करते हुए कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है, इसके मद्देनजर सभी को संस्कृत का ज्ञान लेना चाहिए।

### विद्यार्थियों को सृजनात्मक बनाता है लेखन : डॉ शशि

## लेखन उत्सव प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की रचनाओं को देखकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए किया प्रोत्साहित

- हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषाओं में प्रतिभा का छात्रों ने किया प्रदर्शन
- शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** आईबी कॉलेज में लेखन उत्सव में भाग लेते हुए विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

आईबी कॉलेज की साहित्यिक परिषद द्वारा लेखन उत्सव पर श्रुतलेख और कहानी लेखन का आयोजन किया गया। जिनमें हिंदी, अंग्रेज़ी और संस्कृत भाषाओं में प्रतिभाग करने की स्वतंत्रता दी गई। कहानी लेखन में विद्यार्थियों ने स्व-रचित या किसी लेखक की कहानियों को कंठस्थ कर प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। इधर, प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई कौशल अभिव्यक्ति की क्षमता और सृजनात्मक सोच को विकसित करना है एवं यह उत्सव इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम की संयोजिका व साहित्यिक परिषद् की समन्वयक डॉ. नीलम ने कहा कि लेखन उत्सव विद्यार्थियों को अपनी सृजनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। इधर, प्रतियोगिताओं में वंशिका, अंजलि, सोनी, दिशा, सोनिया देवी, सिमरन, मनीषी भटनागर, निष्ठा बत्रा, मदीना, नैन्सी, पायल, मनीषा, झलक, चाहत, सोनिया देवी, सिमरन, फ़रहान, गनीशा, मानवी जोशी विजेता रहे। विजेता विद्यार्थियों को डॉ सुनीता ढांडा, डॉ शर्मिला यादव, डॉ जोगेश, डॉ अंजलि, सोनिया वर्मा, डॉ निधि मल्होत्रा, डॉ स्वाति पुनिया, डॉ नेहा पुनिया, रेखा शर्मा प्रिया सदाना, डॉ. पूजा मलिक, डॉ. रेखा उपस्थित रही।

# निगम कमिश्नर सचिन गुप्ता की विदाई, बलप्रीत को मिली जिम्मेदारी

- विधायक निर्मल सिंह ने समस्याओं पर ढीला रवैया अपनाने व मुलाकात के दौरान कुर्सी से खड़ा होकर जनप्रतिनिधि को रिसीव न करने का लगाया था आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

छह महीने में ही नगर निगम के कमिश्नर सचिन गुप्ता की विदाई हो गई। उनकी जगह अब आईएएस डॉ.बलप्रीत सिंह को अंबाला शहर नगर निगम का नया कमिश्नर नियुक्त किया गया है। डॉ. बलप्रीत सिंह इससे पहले अंबाला छावनी में बतौर एसडीएम अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दरअसल आईएएस सचिन गुप्ता की कुछ समय पहले विधायक निर्मल सिंह ने भी सीएम नायब सैनी को शिकायत की थी। निर्मल सिंह ने सरकार को भेजी शिकायत में कहा था कि वे अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर के पास गए थे। इस दौरान कमिश्नर शहर विधायक को गेट पर रिसीव करने नहीं आए। उन्हें खुद ही उनके कार्यालय में जाना पड़ा था। उनका आरोप था कि इसके बाद भी कमिश्नर अपनी कुर्सी से खड़े तक नहीं हुए। कमिश्नर ने विधायक से कुर्सी पर बैठे-बैठे ही हाथ मिलाया। निर्मल सिंह का यह भी आरोप था कि समस्याओं से अवगत करवाने के बावजूद उन्होंने कार्रवाई नहीं की। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने चीफ सेक्रेटरी को भी शिकायत भेजी थी जिसमें यह लिखा था कि मैं आपका ध्यान अंबाला में भाजपा शासन के तहत कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा निर्वाचित सदस्यों की असंवैधानिक अवहेलना और अनादर के गंभीर मामले की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

### 2019 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. बलप्रीत सिंह



आईएए बलप्रीत को मिली जिम्मेदारी नगर निगम से सचिन गुप्ता की विदाई के बाद अब 2019 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. बलप्रीत सिंह को नगर निगम के साथ जिला नगरपालिका आयुक्त की जिम्मेदारी भी दी गई है। इससे पूर्व डॉ. बलप्रीत नगर निगम गुरुग्राम में अतिरिक्त उपायुक्त पद पर तैनात थे। डॉ. बलप्रीत सिंह इससे पहले वर्ष 2022 में करीब दस महीने तक अंबाला कैंट में बतौर एसडीएम के पद पर तैनात रहे थे। वह उनकी हरियाणा प्रदेश में पहली पोस्टिंग थी। एमबीबीएस पास डॉ. बलप्रीत ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2018-19 में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सेवा परीक्षा में देश भर में 462 वां रैंक प्राप्त किया था।

### छात्रों के साथ नवनिर्वाचित विधायकों व मंत्रियों को भी समाज की ओर से किया गया सम्मानित

# गुर्जर समाज के मेधावी छात्रों को मिला सम्मान, मंत्री नागर बोले-सुपर 100 के तहत मेधावी छात्रों को मिल रही कोचिंग

- प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने गुर्जर समाज कल्याण परिषद को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति के साथ विकास कार्य करवा रही है। वे यहां गुर्जर समाज कल्याण परिषद द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं, नवनिर्वाचित विधायकों एवं मंत्रियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। उन्होंने गुर्जर समाज कल्याण परिषद को 11 लाख रूपये देने की घोषणा की। मंत्री राजेश नागर ने गुर्जर समाज कल्याण परिषद द्वारा समाज कल्याण व मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में आगे बढने की भावना पैदा होती है। उन्होंने भारतीय सेना के पराक्रम और सौर्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रात्रि के समय भारतीय सेना द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में आंतकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है, उससे प्रत्येक भारतवासी को गर्व है। सरकार भी शिक्षा की ओर विशेष तौर पर ध्यान दे रही है। सुपर 100 कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों में मेधावी विद्यार्थीयों को आईआईटी ,जेईई व ईटीटी इत्यादि परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अलावा पीएम श्री स्कूल खोले गए हैं। सरकार ने 77 राजकीय महाविद्यालय खोले हैं जिनमें से 31 महाविद्यालय केवल लड़कियों के लिए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकसित राज्य बनने की ओर तेजी के साथ आगे बढ रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारे एवं एकता के साथ आगे बढे। अपने बच्चों को महापुरूषों की जीवनी से अवगत करवाएं जिससे कि वे देश का एक अच्छा नागरिक बन समाज ओर देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर विधायक शैली चौधरी ने शिरकत की। इस अवसर पर गुर्जर समाज कल्याण परिषद के फोम लाल, धर्मपाल, नर सिंह, नसीब सिंह, रणजीत सिंह, चमन लाल, रोशन लाल, विवेक कुमार, विनोद कुमार, छज्जूराम तथा मुखराज, अमर सिंह, जगपाल सिंह धनाना, जगपाल गोंदपुरा, पवन फतेहपुर, जरनैल सिंह, राम सिंह, शिशपाल, तेजराम, रतन लाल, सुरेंद्र सिंह, अवतार सिंह, प्रदीप कुमार, रविन्द्र सरपंच, रामशरण, सेठपाल, बंसी लाल, मनीष कुमार भी मौजूद रहे।




नारायणगढ़। समारोह में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र, विधायक व मंत्री। फोटो: हरिभूमि

### इन्हें सम्मानित किया गया

गुर्जर समाज कल्याण परिषद के प्रधान सतपाल टोका, जिला परिषद के पूर्व वाईस चेयरमैन पवन गुज्जर, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा गुरनाम सिंह गुर्जर समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम में गुर्जर समाज कल्याण परिषद द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं व उत्कृष्ठ व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### राइटिंग प्रतियोगिता में नंदिनी ने मारी बाजी

**अंबाला।** अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज की रेडक्रॉस यूनिट ने वर्ल्ड रेडक्रॉस डे के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉक्टर मंजू तोमर और प्रदीप ने निभाई। पोस्टर राइटिंग प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की नंदिनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की कशिश ने प्रथम स्थान हासिल किया। कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या करमजीत कौर ने विद्यार्थियों को रेडक्रॉस की भूमिका के बारे में जानकारी दी। रेडक्रॉस काउंसलर डॉक्टर सीमा सिंघल और डॉक्टर जसप्रीत कौर को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### बराड़ाः वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड विद्यालय में कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था सोशल मीडियाः वरदान या अभिशाप प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास तथा सामाजिक विषयों पर स्पष्ट दृष्टिकोण विकसित करना था। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया युवाओं की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन चुका है, ऐसे में इस विषय पर चर्चा हुई।

### प्रशासन की ओर से घरेलू हवाई अड्डे पर की गई मॉक ड्रिल, ड्रोन से की गई निगरानी

# एयरफोर्स स्टेशन से सायरन बजते ही हरकत में आए कर्मी ब्लैकआउट में लाइटें जलाकर चलते रहे वाहन चालक

- अंबाला शहर और कैंट में कुल 22 मिनट तक अंधेरा रहा
- दमकल, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग एसडीआरएफ की टीम हरकत में आई और बचाव दलों ने अभियान शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रशासन की ओर से अंबाला छावनी के घरेलू हवाई अड्डे के पास देर शाम मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अंबाला कैंट के घरेलू हवाई अड्डे के पास एयरफोर्स स्टेशन से सायरन की आवाज आई। तब आसपास के पूरे इलाके में ब्लैकआउट हो गया। अंबाला शहर और अंबाला कैंट में कुल 22 मिनट तक अंधेरा रहा। हाईवे पर वाहनों को भी रुकने और लाइट बंद करने को कहा गया।इस दौरान मॉक ड्रिल प्रक्रिया के तहत प्रशासनिक अधिकारियों ने घरेलू हवाई अड्डे पर एक इमारत में आग लगने की घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद दमकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग एसडीआरएफ की टीम के साथ हरकत में आए और मौके पर पहुंचे। बचाव दलों ने अपना अभियान शुरू किया। मॉकड्रिल के दौरान जब आसमान में अंधेरा था। उस समय अंबाला कैंट में एक ड्रोन उड़ रहा था। यह ड्रोन प्रशासन द्वारा उड़ाया गया था। हालांकि अभी ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी है। इस ड्रोन से निगरानी रखने का काम किया जा रहा था। कई स्थानों पर ब्लैक आउट के दौरान दुकानों और घरों की लाइटों को बंद नहीं किया। बाजार में भी लाइट जलती दिखीं। इनको बंद कराने के लिए पुलिस की गाड़ियां दौड़ती नजर आईं। छावनी के सदर बजार, निकलसन रोड, महेश नगर और कबाड़ी बाजार की कई दुकानों में लाइट जल रही थीं। वाहन चालक भी लाइट जलाकर निकल रहे थे। सुभाष पार्क की लाइटों को पुलिस ने बंद कराया। छावनी नागरिक अस्पताल में पहुंचे सीएमओ डॉ. राकेश सहल ने बताया कि उनके एम्बुलेंस के लिए आठ बजकर सात मिनट पर कॉल आई थी। इसमें दो लोगों के घायल होने की सूचना थी। अस्पताल की ओर से दो एम्बुलेंस भेजी गई थी। आठ बजकर 15 मिनट पर दोनों एम्बुलेंस घरेलू एयरपोर्ट पर पहुंची थी। इसके बाद मरीजों को लेकर आठ बजकर 23 मिनट पर अस्पताल पहुंची थी। आठ बजकर 30 मिनट पर मरीजों को उपचार करके भर्ती कर दिया था।

घायल का रेस्क्यू





बचने के तरीके बताए





### छात्रों ने मॉक ड्रिल में लिया हिस्सा

**अंबाला।** राज्य सरकार की एडवाइजरी के निर्देशानुसार तथा वन हरियाणा गर्ल्स बटालियन के सहयोग से जीएमएन कॉलेज में सफल सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य स्टाफ सदस्यों को एयरस्ट्राइक जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया देने की तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। इस प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व हरियाणा बटालियन, अंबाला छावनी के पीआई स्टाफ सदस्य बिर्पाल सिंह एवं उमेश कुमार यादव ने किया। उन्होंने उपस्थित स्टाफ को एयर स्ट्राइक की स्थिति में उचित प्रतिक्रिया देने और सुरक्षा के उपायों को अपनाने की व्यावहारिक जानकारी एवं प्रदर्शन प्रदान किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए आपातकालीन स्थितियों में सतर्कता एवं तैयारी की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) डॉ. एसएस नैन द्वारा ऐसे आपातकालीन हालातों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को पढ़ा गया, जिससे प्रतिभागियों को स्पष्टता और समझ मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने पीआई स्टाफ का धन्यवाद देते हुए कहा कि एक हरियाणा गर्ल्स बटालियन हमेशा उनकी सहायता करती रही है।

इस मॉक ड्रिल में कुल 52 सदस्य (शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ सहित) , 39 (गर्ल्स कैडेट) 26 ( ब्वॉय कैडेट ) 12 (एनएसएस छात्र ) ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# 10वीं की परीक्षा के परिणाम को लेकर किशोरी ने की खुदकुशी

- पिता ने बताया कि वंदना जैन परीक्षा परिणाम आने से पहले मानसिक रूप से परेशान चल रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

10वीं की छात्रा ने घर पर फंदा लगाकर जान दे दी। वीरवार दोपहर छात्रा अपने कमरे में थी और उसकी मां दूसरे कमरे में सो रही थी। किशोरी

10वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर टेंशन में थी। परीक्षा परिणाम आने से पहले ही छात्रा ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। मृतका की पहचान अंबाला कैंट के दीप नगर निवासी 17 वर्षीय वंदना के तौर पर हुई है। वीरवार दोपहर के समय उसकी मां एक कमरे में सो रही थी और वंदना दूसरे कमरे में थी। मां ने दोपहर करीब 2 बजे उठकर बेटी का दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर देखा तो वंदना ने दुपट्टे से फंदा लगा रखा था। पुलिस ने शव को अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है, जहां शुक्रवार को फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पिता ओम प्रकाश ने बताया कि वंदना जैन गर्ल्स स्कूल में दसवीं की छात्रा थी। परीक्षा परिणाम आने से पहले बेटी मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। परिणाम के इंतजार में वह घर पर ही रहती थी। जबकि दो बेटियां व एक बेटा स्कूल में थे। वह खुद एकता विहार चौक पर सब्जी की दुकान चलता है। दोपहर को वह दुकान पर ही था। पत्नी दोपहर में सोने के लिए आने कमरे में चली गई थी। इस बीच बेटी ने फंदा लगा लिया। एएसआई मोहन लाल का कहना है कि फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुक्रवार को फोरेंसिक एक्सपर्ट से पोस्टमार्टम होगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो पाएगा। परिजनों की तरफ से बताया जा रहा है कि 10वीं का परीक्षा परिणाम आना है। उससे पहले बेटी मानसिक रूप से परेशान चल रही थी।



### देश की सेना ने आतंकी ठिकानों को मिलाया मिट्टी में: गोयल

**अंबाला।** पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि देश ने पहलगाम अटैक का बदला आतंकी ठिकानों को धूल में मिलाकर लिया है। देश की सेनाओं द्वारा आतंकियों को करारा जवाब दिया गया है। हमें अपने जवानों और अपनी सेना पर पूरा गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत पूरी तरह सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि यह भारत वो भारत है जो दुश्मन को घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने की हिम्मत रखता है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। पूर्व मंत्री ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद पूरा देश गुस्से में था। ऐसे में देशवासियों की भावना को समझते हुए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन होगा। आतंकियों की बची कुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का वक्त आ गया है ।

### परेशानी — रात के अंधेरे में सड़कों पर डेरा जमा लेते हैं पशु

# फसल के लिए आफत बने बेसहारा पशु, चपेट में आने से टूट रहे वाहन चालकों के हाथ-पैर

- मांग के बावजूद अभी तक इन पशुओं को पकड़ने के लिए नहीं चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या अब लोगों के लिए खतरे का कारण बन गई है। मुख्य बाजार में दिन-रात घूमते गौवंश न केवल यातायात में बाधा बन रहे हैं बल्कि अब जानलेवा भी साबित हो रहे हैं। बीते दिनों इन आवरा पशुओं ने दो लोगों को घायल कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेसहारा पशुओं की यह समस्या अब दिनों-दिन विकराल होती जा रही है। शाम के समय जब बाजार में भीड़ अधिक होती है। शाम ढलते ही यह पशु सडक्रों पर अपना डेरा जमा लेते हैं। सडक़ पर बीचों-बीच बैठकर यातयात को बाधित करते हैं। मुख्य बाजार में रेलवे स्टेशन के सामने, पेट्रोल पंप के सामने, लाईन पार के इलाके में ये पशु अक्सर झूडों में देखे जा सकते हैं। ये पशु सडक़ के बीचों-बीच खड़े होकर ट्रैफिक को अवरुद्ध कर रहे हैं। दोपहिया वाहन चालक अक्सर इनके डर के कारण रास्ता बदलने पर मजबूर हो जाते हैं।




### सड़कों पर कब्जा

पशु रात के समय शहर की सडक़ों के बीचों बीच बैठ जाते हैं जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को गंभीर परेशानी होती है। वाहनों की कम रोशनी में कई बार सडक़ पर बैठे ये पशु दिखाई नहीं देते जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सडक़ पर यातायात अवरूद्व हो जाता है और सडक़ पर चलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का साम ना करना पड़ता है। रात के अंधेरे में बैठे ये पशु अचानक से उठकर हमला कर देते हैं जिससे पैदल चलने वाले लोग भी डर के साये में रहते हैं।

### पशुओं को गोशाला में भिजवाएं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नपा प्रशासन इस बेसहारा पशुओं को शहर से बाहर निकालने के लिए अब तक कोई ठोस योजना नहीं बना पाया है। बार-बार मामले सामने आने के बाद भी नपा प्रशासन की ओर से न तो इन पशुओं को पकडने की कोई कार्यवाही अमल में लाई गई। न ही इस गंभीर समस्या का कोई स्थायी हल खोजा गया। लोगों का कहना है कि प्रशासन कुंभकरणी नींद में सोया हुआ है। अगर ऐसे ही प्रशासन इसी तरह आंखें मूंदे बैठा रहा, तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। अब शहरों की गलियों व सडक़ों पर चलना बच्चों और बुजुर्गों के लिए जोखिम भरा हो गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से पशुओं को पकडने के लिए विशेष अभियान चलाए और बाजार के एरिया को सुरक्षित बनाए। साथ ही, इन पशुओं के लिए गौशालाओं में उचित व्यवस्था की जाए।

### दवा कंपनी की हिस्सेदार महिला से दस लाख की ठगी

**अंबाला।** दवाओं की कंपनी में काम करने वाली महिला के साथ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। छावनी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की महिला की शिकायत पर पुलिस ने रूड़की की सानिया, सोनू उर्फ रिफाकत,अमित कुमार, नोनीत कुमार, विशाल कुमार और रोपड़ के रहने वाले कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।महिला ने बताया कि वह पिछले 7-8 साल से दवा की कंपनी में सांझेदार है। पिछले साल अक्टूबर 2024 में वो एक बैठक के लिए यमुनानगर गई थी। यहां पर काफी लोग दवा कंपनियों से आए थे। यहां उसे एक औरत मिली और उसने अपना नाम सानिया बताया। फिर एक दूसरे का नंबर ले लिया। कुछ दिन बाद उसे सानिया का फोन आया और उसने बताया कि उसके पति कैंसर की दवाई बनाने, बेचने और खरीदने का काम करते हैं। आठ जनवरी को अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में बात हुई इस दौरान उसके साथ सानिया का पति सोनू उर्फ रिफाकत, अमित, लुकमान, अमन पहले से ही गाड़ी में मौजूद थे। उन्होंने दवाई खरीद में मुनाफे का झांसा दिया और वो उनकी बातों में आ गई। पैसों का इंतजाम कर दे तो अगले दिन शाम तक मुनाफा सहित पैसे लौटा देंगे।